Name : ..............................................................................................................................

Roll No. : ..............................................

# नवीन पाठ्यक्रम / New Syllabus

कुल प्रश्नों की संख्या : **31** ]
Total No. of Questions : **31** ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : **8**
[ Total No. of Printed Pages : **8**

# O-212101–A

## विषय : इतिहास

## Subject : History

समय : **3 घण्टे** ]
Time : **3 hours** ]

[ पूर्णांक : **80**
[ Maximum Marks : **80**

***निर्देश*** : (*i*) **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

***Instructions*** : **All** questions are compulsory.

(*ii*) प्रश्न क्रमांक **1** से **20** तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *20* शब्द है।

Question Nos. **1** to **20** are very short answer type questions. Each question carries 1 mark. Maximum word-limit is *20* words.

(*iii*) प्रश्न क्रमांक **21** से **24** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *50* शब्द है।

Question Nos. **21** to **24** are short answer type questions. Each question carries 3 marks. Maximum word-limit is *50* words.

(*iv*) प्रश्न क्रमांक **25** से **27** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प दिया गया है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *200* शब्द है।

Question Nos. **25** to **27** are long answer type questions. Each question has internal choice. Each question carries 6 marks. Maximum word-limit is *200* words.

(*v*) प्रश्न क्रमांक **28 (A)** मानचित्र अंकन का प्रश्न है, जिसमें आन्तरिक विकल्प दिया गया है। इस प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है।

Question No. **28 (A)** is map notation question, in which internal choice is given. This question carries 6 marks.

प्रश्न क्रमांक **28 (B)** केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए है, जिसमें आन्तरिक विकल्प दिया गया है। इस प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *200* शब्द है।

Question No. **28 (B)** is only for blind students, in which internal choice is given. This question carries 6 marks. Maximum word-limit is *200* words.

(*vi*) प्रश्न क्रमांक **29** से **31** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प दिया गया है। प्रत्येक प्रश्न पर 8 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *300* शब्द है।

Question Nos. **29** to **31** are long answer type questions. Each question has internal choice. Each question carries 8 marks. Maximum word-limit is *300* words.

---

**प्रश्न-1** हड़प्पा में जल-संचय के अवशेष कहाँ से प्राप्त हुए हैं ? [1]

Where are the remains of water accumulation found in Harappa?

**प्रश्न-2** पुरातत्वविदों ने किस क्षेत्र की संस्कृति को 'गणेश्वर-जोधपुरा' संस्कृति का नाम दिया है ? [1]

Which region's culture was named 'Ganeshwar-Jodhpura' culture by archaeologists?

**प्रश्न-3** 'बुद्ध-चरितम्' के रचयिता कौन थे ? [1]

Who was the author of 'Buddha-charitam'?

**प्रश्न-4** 'महाभारत' में अभी श्लोकों की संख्या कितनी है ? [1]

What is the number of Shlokas in the 'Mahabharata' in present time?

**प्रश्न–5** ‘धर्मसूत्र’ व ‘धर्मशास्त्र’ नामक ग्रन्थ किस भाषा में लिखे गए हैं ? [1]

In which language are the scriptures called ‘Dharmasutra’ and ‘Dharmashastra’ written?

**प्रश्न–6** पुराणों की संख्या कितनी है ? [1]

What is the number of Puranas?

**प्रश्न–7** ‘कैलाशनाथ’ मन्दिर कहाँ स्थित है ? [1]

Where is Kailashnath temple situated?

**प्रश्न–8** गुरुबानी का सम्बन्ध किस सम्प्रदाय से है ? [1]

Gurubani belongs to which community?

**प्रश्न–9** इतिहासकार भक्ति परम्परा को किन–किन वर्गों में बाँटते हैं ? [½+½=1]

Historians divided the Bhakti tradition into which classes?

**प्रश्न–10** बारहवीं शताब्दी में उड़ीसा के मुख्य देवता जगन्नाथ जी को किसका स्वरूप माना गया ? [1]

In the twelfth century whose form is believed to be Jagannath Ji the main deity of Orissa?

**प्रश्न–11** भारत में आने वाला सबसे प्रभावशाली सूफी सिलसिला कौन–सा था ? [1]

Which was the most influential Sufi series came in India?

**प्रश्न–12** तम्बाकू का सेवन सर्वप्रथम किस मुगल सम्राट ने किया ? [1]

Which Mughal emperor first consumed tobacco?

**प्रश्न–13** ‘बाबरनामा’ ग्रन्थ की रचना किसने की ? [1]

Who wrote ‘Babarnama’?

**प्रश्न–14** राजस्व वसूली करने वाले अधिकारी क्या कहलाते थे ? [1]

What were the revenue collection officers called?

**प्रश्न–15** मुगल काल में उगाई जाने वाली **दो** व्यावसायिक फसलों के नाम बताइए। [½+½=1]

Name **two** commercial crops cultivated during Mughal period.

**प्रश्न–16** प्रथम गोलमेज सम्मेलन कब और कहाँ आयोजित हुआ ? [1]

When and where did First Round Table Conference?

**प्रश्न–17** महानदी का प्राचीन नाम क्या था ? [1]

What was the ancient name of Mahanadi?

**प्रश्न–18** सती प्रथा को समाप्त करने के लिए कानून कब बनाया गया ? [1]

When was the law made to end the Sati practice?

**प्रश्न–19** संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे ? [1]

Who was the President of Constituent Assembly?

**प्रश्न–20** सिरपुर के लक्ष्मण मन्दिर का निर्माण किसने करवाया ? [1]

Who built Lakshman temple of Sirpur?

**प्रश्न–21** जैन सम्प्रदाय एवं बौद्ध सम्प्रदाय की किन्हीं **तीन** समानताओं को स्पष्ट कीजिए। [3]

Explain any **three** similarities of Jain community and Bauddha community.

**प्रश्न–22** कबीर की उलटबाँसी रचनाओं का क्या तात्पर्य है ? कोई **एक** उदाहरण दीजिए। [3]

What is the meaning of Ulatbansi composition of Kabir? Give any **one** example.

**प्रश्न–23** महात्मा गाँधी को ऐसा क्यों लगता था कि राष्ट्रीय भाषा हिन्दुस्तानी होनी चाहिए ? कोई **तीन** कारण लिखिए। [1+1+1=3]

Why did Mahatma Gandhi think that Hindustani should be the national language? Write any **three** reasons.

**प्रश्न–24** प्राचीन छत्तीसगढ़ की चित्रकला पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। [3]

Give a brief note on the paintings of ancient Chhattisgarh.

**प्रश्न–25** असहयोग आन्दोलन के प्रमुख **छः** कारणों का वर्णन कीजिए। [1×6=6]

Describe **six** main causes of Non-Cooperation Movement.

***अथवा***

***OR***

महात्मा गाँधी ने राष्ट्रीय आन्दोलन के स्वरूप को किस तरह बदल डाला? लिखिए। [6]

How did Mahatma Gandhi change the form of National Movement? Write.

**प्रश्न–26** क्या आप इस तथ्य से सहमत हैं कि हड़प्पा सभ्यता के शहरों की जल निकासी प्रणाली नगर योजना की ओर संकेत करती है? कारण बताइए। [1×6=6]

Do you agree with the fact that the drainage system of the Harappan civilization indicates the city plan? Give reason.

***अथवा***

***OR***

हड़प्पा संस्कृति की मुख्य उपलब्धियाँ कौन–कौन सी हैं? लिखिए।

What are the main achievements of Harappan culture? Write.

**प्रश्न–27** मीराबाई पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। [6]

Write a short note on Mirabai.

***अथवा***

***OR***

भक्ति आन्दोलन की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

Describe the main characteristics of Bhakti Movement.

**प्रश्न–28** **(A)** भारत के मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाइए : [6]

(*i*) दिल्ली (*ii*) पटना

(*iii*) बंगाल की खाड़ी (*iv*) गोवा

(*v*) शिशुपालगढ़ (*vi*) कन्नौज

Show the following in the map of India :

(*i*) Delhi (*ii*) Patna

(*iii*) Bay of Bengal (*iv*) Goa

(*v*) Shishupalgarh (*vi*) Kannauj

***अथवा***

***OR***

भारत के मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाइए :

(*i*) मेरठ

(*ii*) हिन्द महासागर

(*iii*) साँची

(*iv*) मुम्बई

(*v*) भरहुत

(*vi*) उज्जयिनी

Show the following in the map of India :

(*i*) Meerut

(*ii*) Indian Ocean

(*iii*) Sanchi

(*iv*) Mumbai

(*v*) Bharhut

(*vi*) Ujjayani

**प्रश्न-28** **(B)** *केवल दृष्टिबाधित छात्रों के लिए—* [1×6=6]

कबीर के प्रमुख **छः** उपदेशों को लिखिए।

*Only for blind students–*

Write the **six** main preachings of Kabir.

***अथवा***

***OR***

भारतीय संविधान की किन्हीं ***छः*** विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

Describe any ***six*** features of Indian Constitution.

**प्रश्न-29** सन् 1857 के आन्दोलन के प्रमुख परिणामों का वर्णन कीजिए। [8]

Describe the main results of 1857 AD Movement.

***अथवा***

***OR***

सन् 1857 के आन्दोलन के कारणों का वर्णन कीजिए।

Describe the causes of 1857 AD Movement.

**प्रश्न-30** स्मृति ग्रन्थों में वर्णित विभिन्न प्रकार के विवाहों का वर्णन कीजिए। [8]

Describe the different types of marriages mentioned in the Smriti texts.

***अथवा***

***OR***

'' 'महाभारत' मिथक नहीं, बल्कि एक सच्चाई है।'' प्रमाण देते हुए सिद्ध कीजिए।

" 'The Mahabharata' is not a myth, but a truth." Prove it by giving evidences.

**प्रश्न-31** कृषि उत्पादन में महिलाओं की भूमिका का विवरण दीजिए। [8]

Describe the role of women in agricultural production.

***अथवा***

***OR***

पंचायत और गाँव का मुखिया किस तरह से ग्रामीण समाज का नियमन करते थे ?

How did the head of the Panchayat and the village regulate rural society?

—×—